
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जन्मदिन विशेष

20 अक्टूबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

आपकी मानसिकता थोड़ी भी मजबूत है तो आप सफल हो सकते हैं

क्योंकि आपकी क्षमता आपको सफलता तक ले जाती है।

वीरेन्द्र सहवाग

( क्रिकेटर )

जन्म : 20 अक्टूबर 1978



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया


# विश्व सांख्यिकी दिवस 20 अक्टूबर




20 अक्टूबर को विश्व सांख्यिकी दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। जबकि भारत का राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 29 जून को मनाया जाता है। विश्व के सामाजिक-आर्थिक विकास में आकड़ों के योगदान का जश्न मनाने के दिन के तौर पर विश्व सांख्यिकी दिवस को संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के मार्गदर्शन में मनाया जाता है। इसे हर पांच वर्ष में मनाया जाता है और पहली बार 20 अक्टूबर 2010 को मनाया गया था। इस बार के विश्व सांख्यिकी दिवस का विषय 'सतत विकास के लिए आकड़े' निर्धारित किया गया है। 'विश्व सांख्यिकी दिवस' सांख्यिकी विषय के साथ पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं एवं इस क्षेत्र में पहले से काम कर रहे प्रोफेशनल के लिए विशेष है। 2010 तक , 103 देश राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाते हैं, जिसमें 51 अफ्रीकी देश भी शामिल हैं जो संयुक्त रूप से 18 नवंबर को प्रतिवर्ष अफ्रीकी सांख्यिकी दिवस मनाते हैं। भारत 29 जून को सांख्यिकीविद् प्रशांत चंद्र महालनोबिस के जन्मदिन पर अपना सांख्यिकी दिवस मनाता है ।यूके में रॉयल स्टैटिस्टिकल सोसाइटी ने भी उसी दिन 20:10 पर (20 अक्टूबर 2010 को) अपना गेटस्टैट्स सांख्यिकीय साक्षरता अभियान शुरू किया। विश्व सांख्यिकी दिवस आँकड़ों का जश्न मनाने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाता है। यह पहली बार 20 अक्टूबर 2010 को मनाया गया था। यह दिवस हर पांच साल में मनाया जाता है।

# Teachers of Bihar
The change makers

# जन्मदिन विशेष 20 अक्टूबर




**वीरेंद्र सहवाग** *Virender Sehwag*, जन्म- 20 अक्टूबर, 1978) प्रसिद्ध पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं। विश्व के सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाज़ों में से एक रहे हैं। सहवाग ने अक्टूबर, 2015 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। सहवाग एकमात्र ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने टेस्ट मैच में तिहरा शतक जड़ा है। सर डोनाल्ड ब्रेडमैन और ब्रायन लारा के बाद सहवाग दुनिया के तीसरे ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में दो बार तिहरा शतक बनाने का कीर्तिमान स्थापित किया है।

# दीपावली विशेष




## इतिहास और महत्व

### दीपावली के पीछे कई ऐतिहासिक और धार्मिक मान्यताएं हैं-

- **भगवान राम की वापसी:** दीपावली का मुख्य दिन भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है। अयोध्यावासियों ने उनके स्वागत के लिए पूरे राज्य को मिट्टी के दीयों से रोशन कर दिया था।
- **देवी लक्ष्मी का अवतरण:** यह माना जाता है कि इसी दिन धन और समृद्धि की देवी महालक्ष्मी प्रकट हुई थीं। इसलिए दीपावली पर लक्ष्मी-गणेश की पूजा की जाती है।
- **नरकासुर का वध:** एक और कहानी के अनुसार, भगवान कृष्ण ने राक्षस नरकासुर का वध करके लोगों को उसके अत्याचारों से मुक्त कराया था।


राकेश कुमार

MATH TLM

64 Class-6to8

# लाभ और हानि (profit and loss)

## महत्वपूर्ण सूत्र

क्रय मूल्य = विक्रय मूल्य + हानि

जैसे - विक्रय मूल्य = 380 रु ,
हानि = 50 रु , क्रय मूल्य = ?

हलः- क्रय मूल्य = 380 रु + 50रु

= 430 रु

Anu Priya, Science Teacher

# TOB खेल कॉर्नर



## मेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टॉप-7 टीमें

| टीम | जीत | हार |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 1158 | 676 |
| भारत | 922 | 702 |
| इंग्लैंड | 2117 | 921 |
| पाकिस्तान | 832 | 696 |
| साउथ अफ्रीका | 719 | 499 |
| वेस्टइंडीज | 710 | 762 |
| श्रीलंका | 637 | 694 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **20.10.2025**

## क्षमता संवर्धन

क्षमता संवर्धन का अर्थ है किसी व्यक्ति या संगठन की क्षमता, कौशल और योग्यताओं को बढ़ाना और मजबूत करना, ताकि वे बदलते परिवेश में सफल हो सकें। यह कौशल विकास, प्रशिक्षण और शिक्षा के माध्यम से किया जाता है, जिसमें संचार, तकनीकी और विश्लेषणात्मक कौशल जैसे सॉफ्ट स्किल्स और हार्ड स्किल्स दोनों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**अंग्रेजों द्वारा भारत में बनाया गया पहला पुल कोइलवर पुल है, जो 1862 में बिहार में सोन नदी पर बना था। यह पुल पटना को आरा शहर से जोड़ता है और आज भी उपयोग में है।**


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
ToB बूझो तो जानें..
544
वह कौन है, जिसके पास कभी तो दर्जनों कपड़े होते हैं
और कभी एक भी नहीं होता.....बुझो तो जानें ?
वाशिंग मशीन
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

# जयंती पर नमन

20 अक्टूबर

भारत में उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश बनने वाली पहली महिला




## लीला सेठ

20 अक्टूबर 1930-5 मई 2017

Madhu Priya

www.teachersofbihar.org


विश्व सांख्यिकी दिवस
20 अक्टूबर
SOUTH AMERICA
SOUTH
ATLANTIC
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



भारत के भौतिक मानवविज्ञानी

# बिरजा शंकर गुहा

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

15 अगस्त 1894 – 20 अक्टूबर 1961

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


20 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व
ऑस्टियोपोरोसिस दिवस
दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya